प्रवासी कामगार संसाधन केंद्र अवलोकन

रोजगार के प्रयोजनों के लिए विदेश जाने के इच्छुक व्यक्तियों को आवश्यक समर्थन सेवाएं प्रदान करने के लिए, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार ने सुविधा केन्द्र के रूप में एक प्रवासी कामगार संसाधन केंद्र (ओडब्ल्यूआरसी) की स्थापना की है। ओडब्ल्यूआरसी के उद्देश्य रोजगार के लिए विदेश जाने का इरादा रखने वाले कामगारों को सुविधा और समर्थन सेवाएं प्रदान करने के लिए एक एकल खिड़की के रूप में कार्य करना है। ओडब्ल्यूआरसी के माध्यम से प्रवासी/संभावित प्रवासी कामगारों अपनी चिंताओं/समस्या वाले क्षेत्रों के मुद्दों पर आवश्यक मार्गदर्शन/सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

वर्तमान में ओडब्ल्यूआरसी एक टोल फ्री नंबर के माध्यम से प्रवासियों और उनके परिवारों के लिए आवश्यकता के आधार पर जानकारी प्रदान करने के लिए एक 24x7 हेल्पलाइन (1800113090) चला रहा है। हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों या परेशानियों पर तुरंत काम किया जाता है, और शिकायतकर्ता को प्रतिक्रिया प्रदान की जाती है।

http://www.owrc.in/overview.html